e-Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय) 2615 / 03/08/2026

सं0सं0– 17/वि0सर्वे0 एजेंसी–319/2016 Part-II...............................

## आदेश

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2026 अधिसूचित है, जिसके अंतर्गत प्रपत्र–25 में अंतिम अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्रों का प्रकाशन अंतिम रूप से किये जाने का प्रावधान किया गया है। तदालोक में चयनित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा निर्धारित मापदण्डों तथा निदेशालय द्वारा निर्गत विभिन्न निदेशों का अनुपालन करते हुए मानचित्र का अंतिम रूप से निर्माण करते हुए संबंधित जिलों को प्रकाशन हेतु उपलब्ध करायी जा रही है।

दिनांक–24.07.2026 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अंतिम रूप से प्रकाशित मानचित्र को बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा सत्यापन एवं हस्ताक्षर के उपरान्त भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में प्राप्त कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के आलोक में अंतिम रूप से प्रकाशित मानचित्रों को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में प्राप्त करने के लिये दल का गठन किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

1. श्री ऋषभ सिंह यादव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी,
2. श्री दीपक श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सलाहकार
3. मो0 अली, प्रधान लिपिक

2. उपरोक्त गठित दल का दायित्त्व होगा कि वो अंतिम प्रकाशित मानचित्रों को संबंधित जिलों से चेकलिस्ट के अनुसार जाँच कर प्राप्त करेंगे।

3. गठित दल बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित मानचित्रों को एजेंसी द्वारा भू–नक्शा पोर्टल पर अपलोड किये जाने की जाँच/पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

4. गठित दल का दायित्त्व होगा कि वह अंतिम प्रकाशित मानचित्र पर Check & Verified का मुहर अंकित करते हुए प्राप्त मानचित्रों को सूचीबद्ध कर संरक्षण हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशालय पत्रांक–1109 दिनांक–07.03.2025 एवं पत्रांक–4122 दिनांक–21.07.2025 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

विश्वासभाजन

(सुहर्ष भगत) 31/07/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016 Part-II...2615...पटना, दिनांक...03/08/2026

**प्रतिलिपि** : सभी बंदोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अंतिम रूप से प्रकाशित किये जाने वाले मानचित्रों को निर्धारित मापदण्डों तथा निदेशालय द्वारा निर्गत विभिन्न निदेशों के अनुरूप जाँच करते हुए प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे तथा संलग्न चेकलिस्ट के अनुसार जाँचोपरान्त निदेशालय को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक 31/07/26

भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016 Part-II...2615...पटना, दिनांक 03/08/2026

**प्रतिलिपि** : प्रोजेक्ट मैनेजर, Arahas Technology Pvt. Ltd., IIC, GISC, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि प्रपत्र–25 के उपरांत अंतिम रूप से प्रकाशित किये जाने वाले मानचित्रों को निर्धारित मापदण्डों तथा निदेशालय द्वारा निर्गत विभिन्न निदेशों के साथ–साथ संलग्न चेकलिस्ट के अनुरूप संबंधित बन्दोबस्त को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक 31/07/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016 Part-II...2615...पटना, दिनांक 03/08/26

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/उप सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल/सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों/श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर भू–अभिलेख एवं परिमाप बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 31/07/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016 Part-II...2615...पटना, दिनांक 03/08/2026

**प्रतिलिपि** : सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 31/07/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

# फाइनल नक्शा (मानचित्र) का चेकलिस्ट

जिलाः–　　　　अंचलः–　　　　मौजा नामः–　　　　थाना नं0ः–

| क्रमांक | नाम | स्थिति (हाँ / नहीं) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | मौजा नाम (Eng. & Hindi)* | | |
| 2 | थाना नं0* | | |
| 3 | चादर संख्या* | | |
| 4 | अंचल नाम* | | |
| 5 | जिला नाम* | | |
| 6 | वर्ष* | | |
| 7 | दिशा चिन्ह* | | |
| 8 | अलामत एवं संकेत चिन्ह* | | |
| 9 | मिलान चादर संख्या* | | |
| 10 | बन्दोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर* | | |
| 11 | बिहार सरकार लोगो एवं विवरण* | | |
| 12 | परिवर्त्तित पैमाना* | | |
| 13 | पैमाना* | | |
| 14 | शीट इंडेक्स* | | |
| 15 | कोऑर्डिनेट (Long. & Lat.)* | | Check From ORI/Google/Software |
| 16 | मैप का चौहद्दी* | | |
| 17 | ग्राम का सीमा* | | |
| 18 | तोखा सीमा* | | |
| 19 | अंचल सीमा | | |
| 20 | जिला सीमा | | |
| 21 | राज्य सीमा | | |
| 22 | अंतरराष्ट्रीय सीमा | | |
| 23 | तीन सिमाना* | | |
| 24 | मानचित्रों के सभी अलामत* | | |
| 25 | खेसरा एवं खेसरा संख्या* | | |
| 26 | कुल खेसरा की संख्या* | | |

Note:-(*) महत्वपूर्ण बिन्दु जिसका मिलान आवश्यक है।

**हस्ताक्षर**

नाम–
पदनाम–
कार्यालय–
मोबाइल नं0–
दिनांक–
(हवाई सर्वेक्षण एजेंसी / बन्दोबस्त कार्यालय / निदेशालय से प्राधिकृत पदाधिकारी / कर्मी)

e-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**स0सं0:–03 / भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–28 / 2024.........1109.........**

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**उप निदेशक**
बिहार सर्वेक्षण कार्यालय,
गुलजारबाग, पटना।

पटना, दिनांक :– 07/03/2025

विषय :– प्रपत्र–20 में प्रकाशित राजस्व ग्रामों के राज्य स्तरीय अधिसूचना उपरान्त जिलो से प्राप्त अभिलेख एवं मानचित्र को संरक्षित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कृपया दिनांक–12.02.2025 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सर्वेक्षण से संबंधित हुई बैठक, जिसमें आप भी उपस्थित थी, का स्मरण किया जाय। बैठक में निदेश प्राप्त हुआ है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत रैयतो के अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का अंतिम प्रकाशन जिला स्तर पर किया जा रहा है। इस क्रम में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली 2012 के नियम 14 (6) के आलोक में परिरक्षण एवं भावी निदेश हेतु अब तक विभिन्न जिलो द्वारा 661 राजस्व ग्रामों के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र की मुद्रित प्रति निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को उपलब्ध करायी जा रही है, उन्हें जिलों से प्राप्त हो रहे अंतिम अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र को बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है।

इस सन्दर्भ में आवश्यक है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में अब तक प्राप्त मानचित्रों एवं अधिकार–अभिलेख को प्राप्त करने हेतु किसी कर्मी को प्राधिकृत किया जाए। विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न जिलों से प्राप्त अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में संरक्षित करने हेतु आवश्यक सुविधाओं का प्रबंधन किया जाए। इस सम्बन्ध में यह भी सूचित करना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में पर्याप्त संख्या में बक्सा/ट्रंक उपलब्ध हैं, जिनका अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र के संरक्षण में उपयोग किया जा सकता है। इस कार्य के मद में यदि कोई वित्तीय समस्या हो तो उससे संबंधित औचित्य स्पष्ट करते हुए आवंटन आदि की मांग की जाए।

अतः अनुरोध है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत संधारित अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र को अपने कार्यालय में संरक्षण करने की कार्रवाई यथाशीघ्र संपादित कर अद्यतन प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायी जाए।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 7/3/25
**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–28 / 2024.........1109.........पटना, दिनांक 07/03/2025**

**प्रतिलिपि :** सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 7/3/25
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

(2

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख/मानचित्र)–20/2025.....4122

प्रेषक,

जे0 प्रियदर्शिनी, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी बंदोबस्त पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक :–21/07/2025

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत राजस्व ग्रामों का अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख (प्रपत्र–20) एवं मानचित्र को संरक्षित करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय पत्रांक 1902 दिनांक 25.04.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि दिनांक 12.02.2025 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा आयोजित समीक्षात्मक बैठक में यह निदेश दिया गया कि जिन राजस्व ग्रामों के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रपत्र–20 में प्रकाशित कर दिए गए हैं, उन्हें बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में संरक्षित किया जाएगा। इस हेतु पूर्व में उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय को आवश्यक दिशा–निदेश दिया गया है।

अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख (प्रपत्र–20) एवं मानचित्र के संरक्षण एवं रख–रखाव आदि से संबंधित आवश्यक दिशा–निदेश निदेशालय प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्व में बंदोबस्त कार्यालयों को दिया गया है। (सुलभ प्रसंग हेतु पत्र की छायाप्रति संलग्न)

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि जिन राजस्व ग्रामों के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रपत्र–20 में प्रकाशित कर दिए गए हैं, उन्हें निदेशालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा दिए गए दिशा–निदेश के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए इनके संरक्षण एवं रख–रखाव हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

18/7

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख/मानचित्र)–20/2025.....4122 पटना, दिनांक :–21/07/2025

प्रतिलिपि :– विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 पटना, दिनांक 21/07/20

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7 को सूचनार्थ एवं निदेशालय पत्रांक 1109 दिनांक 07.03.2025 के संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 पटना, दिनांक :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 पटना, दिनांक :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 पटना, दिनांक :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप